# लोक गायिका मालिनी अवस्थी के थीम सांग से राष्ट्रपति का होगा स्वागत

### पूरी अयोध्या को राममय बनाने की कोशिश, राम की पैड़ी पर थीम सांग की हुई शूटिंग

अयोध्या। रामनगरी में 29 अगस्त को देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अयोध्या आगमन पर जन जन के प्रभु राम के नाम की ध्वनि से स्वागत किया जाएगा। जिसके लिए मशहूर गीतकार मालिनी अवस्थी अयोध्या के हैरिटेज स्थानों पर इस सॉन्ग की थीम को तैयार कर रही है। मशहूर गीतकार मालिनी अवस्थी ने कहा कि भगवान श्री राम का मंदिर भारतवर्ष के एक एक व्यक्ति के हृदय में अनंत काल से है आज उसका प्रत्यक्ष मंदिर बनने जा रहा है इसकी कितनी प्रसन्नता है यह बताया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं उनमें से हूं जो राम मंदिर की प्रतिदिन प्रतीक्षा करती रही हूं और जिस दिन यह घोषणा हुआ उस दिन अयोध्या में थी मैं यही कह सकती हूं कि हर सनातन आस्था वाले हर भारतीय व हिंदू के लिए विश्व के किसी भी कोने में हो उसके लिए अत्यंत सुखद का छड़ है। जो सुख की प्राप्ति हमारे पूर्वज अपने जीवन काल में नहीं देख पाए आज उसके हम साक्षी बनेंगे इसके लिए हम सर्वोच्च न्यायालय का केंद्र सरकार का बहुत ही आभार व्यक्त करना चाहती हूं।उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को होने वाले रामायण कांक्लेव का उद्घाटन माननीय राष्ट्रपति महोदय करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। उसी के लिए आज एक थीम सॉन्ग मैं यहां पर रिकॉर्ड कर रही हूं। दरसअल अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और अब पूरे देश में राम में वातावरण तैयार करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है इसी प्रयास को लेकर 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहे रामायण कांक्लेव का आयोजन प्रदेश के 16 जनपदों में किए जाने की तैयारी है जिसका उद्घाटन अयोध्या से होगा और देश के महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के रामायण तकलीफ का उद्घाटन करेंगे जिसको लेकर एक बार फिर अयोध्या को सजाने और संवारने का कार्य शुरु हो चुका है अयोध्या की गलियां पीले रंग से रंगी जा रही है तो वहीं सरयू घाट पर आयोजित इस रामायण तकलीफ आयोजन को लेकर महल का स्वरूप तैयार किया जा रहा है और इस पूरे वातावरण में भगवान श्री राम की ध्वनि सुनाई देगी। जिसके लिए विशेष सॉन्ग की थीम को तैयार करने के लिए मशहूर गीतकार मालिनी अवस्थी अयोध्या पहुंची हैं जहां सरयू घाट सहित प्रमुख हेरिटेज वाले स्थानों पर थीम को तैयार कर रही हैं।

# भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई शोकसभा

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर भाजपा कार्यालय में शोकसभा आयोजित की गयी। स्व कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोकसभा के समापन के दौरान दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। राममंदिर आन्दोलन के दौरान उनके द्वारा कही गयी बाते आज भी हमारी स्मृतियों में कैद है। विधायक शोभा सिंह चौहान ने कहा कि हम उनके विचारों को आत्मसात करते हुए उनके सपनों को साकार करने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। यूपी के विकास को लेकर उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि उनका निधन सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। हम उन्हें कुशल प्रशासक के रुप में याद करते है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि वह राष्ट्र के प्रति सदा समर्पित रहे। कुशल प्रशासक के रुप में उनकी छवि सरकारों के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करती है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, कुशल नेतृत्व, राष्ट्र प्रेम की भावना हमें सदा राजनैतिक जीवन में राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ चलने लिए प्रेरित करती रहेगी। अन्य वक्ताओं में क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, कमलाशंकर पाण्डेय, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, आदित्यनारायन मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया तथा उनके साथ बिताये हुए पल को याद किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्रा, मवई ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, स्मृता तिवारी, बृजेन्द्र सिंह, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, नंद कुमार सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री, अमल गुप्ता, तिलकराम मौर्या, शैलेन्दर कोरी, आकाश मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

## सपा लोहिया वाहिनी की नगर कार्यकारिणी घोषित

फतेहपुर। समाजवादी लोहिया वाहिनी के नगर अध्यक्ष अलादीन घोसी (छोटू) ने ,नगर कार्यकारिणी घोषित कर दी। जिसमें नगर अध्यक्ष के अलावा एक महासचिव, दो उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, बारह सचिव व चार सदस्य शामिल किए गए हैं। नवमनोनीत सभी पदाधिकारियों का फूल–माला पहनाकर स्वागत किया। नगर कार्यकारिणी की घोषणा के दौरान लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष मो0 आजम खान ने भी शिरकत की। जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में नगर अध्यक्ष ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि निराज ठाकुर नगर महासचिव, रोहित यादव व आरिफ खान उपाध्यक्ष, मो0 सलमान अहमद, कोषाध्यक्ष, मो0 इमरान अहमद, मो0 गौस आलम, मो0 मोईन खान, मो0 जावेद खान, बृजेश विश्वकर्मा, मो0 नावेद अली, मो0 शाहरुख, मो0 नाजिम खान, मो0 राशिद, आदित्य सिंह चौहान, मो0 आफताब खान, आकाश चौधरी को सचिव तथा कुबेर पासी, विनोद कुमार व सोनू कुमार पासी को नगर सदस्य नामित किया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का सपाईयों ने फूल–माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने नगर कमेटी से अपेक्षा जाहिर किया कि सपा की नीतियों एवं रीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जी–जान से जुट जाएं। इस मौके पर तमाम सपाई भी मौजूद रहे।

# राष्ट्र रक्षा का संकल्प सच्ची श्रद्धांजलि

## शोकसभा में पूर्व सीएम कल्याण सिंह को अर्पित किया गया श्रद्धासुमन

अयोध्या। राष्ट्र रक्षा का संकल्प ही हिंदुत्व के पुरोधा कल्याण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह से निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मणिरामदास जी की छावनी के उत्तराधिकारी कमल नयन दास ने कही। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय विचार केंद्र के तत्वाधान में किया गया, जिसमें संतों और भाजपा नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व सांसद वशिष्ठ पीठाधीश्वर डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा की कल्याण सिंह ने सबसे पहले श्रीरामजन्मभूमि के लिए भूमि का आवंटन किया, उसके बाद सरकार ही बलिदान कर दिया। रामजन्मभूमि आंदोलन में उनका योगदान सर्वोपरि है। श्रद्धांजलि सभा में नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने कहा कि कल्याण सिंह का रामनगरी से लगाव इस बात से उजागर होता है कि उन्होंने वर्ष 2011 में अपना जन्मदिन यहीं मनाया था। कल्याण सिंह पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने अयोध्या के विकास पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। वह व्यक्ति–व्यक्ति की चिंता करते थे। दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास ने कहा कि उनका राममंदिर के प्रति अनुराग अविस्मरणीय है। अवध विश्वविद्यालय के डीन एवं कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि कल्याण सिंह के बिना श्रीरामजन्मभूमि का इतिहास अधूरा है। सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रो. लक्ष्मीकांत सिंह ने कहा कि वह कुशल प्रशासक थे। उन्होंने ऐसे प्रतिमान खड़े किए जो शासकों के लिए आदर्श हैं। इस अवसर पर सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह, हरीश श्रीवास्तव, व्यापारी नेता ज्ञान केसरवानी ने अपने संबोधन में कल्याण सिंह से जुड़े संस्मरण के माध्यम से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विचार केंद्र के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने किया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता डा. राकेश वशिष्ठ, रामजन्मभूमि न्यास के कार्यालय प्रभारी प्रकाश कुमार गुप्ता, विशंभर सिंह, परमानंद मिश्रा, पार्षद डा. अशोका द्विवेदी, कारसेवा में गोली लगने से घायल हुए कारसेवक सुधीर नाग, महानगर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा गौड़, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क प्रमुख रोहित पांडेय, दिवाकर सिंह, पार्षद बिजेंद्र सिंह, कृष्णकांत पांडेय खुन्नू, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल, विश्वप्रकाश रूपन, रीना द्विवेदी, स्मृता तिवारी, कृष्णमुरारी सिंह, रामधीरज पांडेय आदि शामिल थे।

## दूसरी आजादी की प्रथम क्रांति दिवस पर अद ने किया प्रदर्शन

फतेहपुर। अपना दल के संस्थापक डा0 सोनेलाल पटेल के ऊपर वर्ष 1999 में किए गए प्राण घातक हमले की बरसी दूसरी आजादी की प्रथम क्रांति दिवस पर स्थानीय पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर संस्थापक की मृत्यु की सीबीआई जांच कराए जाने के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा मांगी। अपना दल के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और दूसरी आजादी की प्रथम क्रांति दिवस पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि वर्ष 1999 में इसी दिन संस्थापक डा0 सोनेलाल पटेल के ऊपर प्राण घातक हमला हुआ था। जिसकी बरसी पर आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना–प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्यपाल से मांग किया कि संस्थापक की विगत 17 अक्टूबर 2009 को हुई मृत्यु की सीबीआई जांच कराई जाए, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल को उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जाए। इस मौके पर सत्यदेव वर्मा, गोवर्धन सिंह पटेल, छोटू, बाबूराम वर्मा एडवोकेट, दिनेश कुमार पटेल, जितेन्द्र कुमार पासी, राम सिंह, सुशीला सिंह, अमरपाल भी मौजूद रहे।

## शिविर में 236 श्रमिकों ने कराया पंजीयन

फतेहपुर। श्रमिक कल्याण शिविर का आयोजन उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के सहयोग से राधानगर स्थित एक गेस्ट हाउस में लगाया गया। जिसमें 236 श्रमिकों ने पंजीयन कराया। शिविर में श्रमिकों को योजना के बाबत विस्तार से जानकारी भी दी गई। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने बताया कि 15 हजार से कम वेतनभोगी श्रमिक मात्र 60 रुपये के पंजीयन शुल्क में 5 वर्ष के लिए पंजीयन करा सकते हैं। उन्हें पांच लाख रुपए तक मेडिकल सुविधा व दो लाख रुपए का जीवन बीमा निःशुल्क होगा। उन्होने बताया कि तहसीलों, कस्बों, ग्रामों में सहयोगी संगठनों द्वारा श्रमिक कल्याण शिविर का आयोजन करके श्रमिकों को योजना से लाभान्वित कराया जाएगा। सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा श्रमिकों के उत्थान, कल्याण, रोजगार आदि की अनेक प्रस्तावित योजनाओं को उद्योग व्यापार मण्डल के सहयोग से चलाया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला महामंत्री बब्लू गुप्ता भारतीय, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, युवा उपाध्यक्ष आयुष सिंह चन्देल सहित श्रम विभाग से राजीव श्रीवास्तव, आशीष कुमार भी मौजूद रहे। आठवां शिविर एक सितम्बर को प्रातः 10 बजे कचेहरी परिसर में लगाया जाएगा।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव मोड़ के समीप हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए जबकि साथ में बैठी युवती बाल–बाल बच गई। जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के थाना बारा गांव लक्षनिया का डेरा निवासी सुरेश का 18 वर्षीय पुत्र राकेश अपने चचेरे भाई दीपू पुत्र कमलेश अठ्ठाइस व 19 वर्ष की बहन के साथ मोटरसाइकिल से रायबरेली जनपद के अंतर्गत आए थे। आज दोपहर वापस लौटते समय जैसे ही यह वह लोग शहर क्षेत्र के सनगांव मोड़ के समीप हाईवे पर पहुंचे तभी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे दीपू व राकेश घायल हो गए जबकि साथ में बैठी युवती को एक भी खरोंच नहीं आई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस में घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया।

## विवेचना अधिकारी पर समझौता के लिए दबाव बनाने का आरोप

फतेहपुर। घनश्याम विश्वकर्मा पुत्र रामराज विश्वकर्मा निवासी शास्त्री नगर बहुआ थाना ललौली ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह गैर प्रान्त सूरत गुजरात में रहकर सिलाई का काम करता है। उसकी 14 वर्षीय पुत्री राधिका के साथ गलत हरकत करने वाले पड़ोसी गोविन्द शुक्ला पुत्र चन्द्र कुमार शुक्ला के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के तहत ललौली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उसकी पुत्री के साथ जब घटना घटित हुई तो वह सूरत गुजरात में था और फोन से सूचना मिलने पर 15 जून को बहुआ अपने घर आया था। अभियुक्त गोविन्द शुक्ला के पिता चन्द्रकुमार शुक्ला पुलिस विभाग में होमगार्ड के पद पर है और प्रारम्भ से ही उसके मुकदमे के जाँच अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे को प्रभावित कर जाँच अपने पक्ष में कराने व समझौते का दबाव बना रहे। जिसका जांच अधिकारी द्वारा 161 सीआरपीसी का बयान मेडिकल व 164 का बयान जान बूझकर जाँच अधिकारी ने देर से कराया। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर ही दर्ज करवाई गयी है। उन्होंने जांच अधिकारी पर सक्षो से हेरफेर करने का आरोप लगाते हुए बताया कि 164 का बयान जुलाई माह में जांच अधिकारी ने कराया था। समझौते से इनकार करने पर उसके विरुद्ध अभियुक्त की माता रेखा देवी ने कथित फर्जी घटना दर्शाकर न्यायालय में 156 (3) का वाद दायर कर 376–452, 504, 506 थाना ललौली में पंजीकृत करा दिया गया जबकि कथित घटना के समय वह सूरत गुजरात में था। दोनों ही मुकदमो में जाँच अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे है, जो लगातार मुकदमा में समझौते का दबाव बनाते रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में दोनों मुकदमें की जाँच निष्पक्ष संभव नहीं है। उन्होंने न्याय हित में दोनों मुकदमों की जाँच किसी अन्य अधिकारी या काइम ब्रांच से काराकर न्याय दिलाये जाने की मांग किया।

## चकरोड पर अवैध कब्जे के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर गेरिया में एक व्यक्ति द्वारा कानूनगो से मिलीभगत कर अपनी भूमिधरी जमीन के समीप स्थित सरकारी भूमि व चकरोड की नाप करवाकर अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवा ली और अब उसमें अवैध कब्जा कर रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले को जिलाधिकारी से अवगत कराकर अवैध निर्माण को तत्काल रूकवाए जाने की मांग की है। कन्या फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो0 आसिफ एडवोकेट की अगुवाई में हरदासपुर गेरिया के ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए और जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि गांव का बाबूलाल पुत्र रामराखन ने अपनी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 16 की हकबंदी पैमाइश कराई थी। जिसमें उसने कानूनों से मिलीभगत करके पास में ही स्थित इमारती लकड़ी के वन की भूमि गाटा सं0 15 व चकरोड को भी अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवा ली है और अब भूमि व मनरेगा द्वारा बनाई गई चकरोड पर भी अवैध निर्माण करा रहा है। बताया कि जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी खागा से की गई थी। एसडीएम ने खागा थाना प्रभारी को अवैध निर्माण रूकवाने के आदेश दिए थे इसके बावजूद पुलिस ने अवैध निर्माण नहीं रूकवाया। बताया कि उक्त मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। उसके पास निर्माण कराने का कोई आदेश नहीं है। अवैध कब्जे से जनहित की हानि होगी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच करवाकर अवैध निर्माण को रूकवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर मुकलेश कुमार, नफीस अहमद, नूर मोहम्मद, मुनीर अहमद, नियाज उल्ला, नईम, मो0 असलम भी मौजूद रहे।

## कृषि विवि में गाजर घास जागरूकता सप्ताह का हुआ आयोजन

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज , अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में कृषि महाविद्यालय के शस्य विज्ञान विभाग द्वारा 16वां गाजर घास जागरूकता सप्ताह शस्य विज्ञान प्रक्षेत्र पर आयोजित किया गया । शस्य विज्ञान प्रक्षेत्र के साथ–साथ विश्वविद्यालय परिसर मे भी वैज्ञानिकों, शिक्षको, छात्रो, मजदूरों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की एक घटक के रूप में गाजर घास मुक्त परिसर करने का प्रयास किया गया । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत गाजर घास के बारे में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत चर्चा भी की गई तथा नियंत्रण के विभिन्न उपायों जैसे फूल आने के पहले पौधों को जड़ से उखाड़ना एवं कंपोस्ट, हरी खाद ,वर्मी कंपोस्ट बनाना तथा रासायनिक एवं जैविक विधि द्वारा इस खरपतवार को नियंत्रित करने का उपाय बताया गया । वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि गाजर घास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग (डरमेटाइटिस, एग्जिमा, एलर्जी, बुखार एवं दमा) आदि जैसी बीमारियां हो जाती हैं , यहां तक कि अत्यधिक प्रभाव होने पर मनुष्य की मृत्यु भी हो सकता है। पशुओं के लिए भी यह घास अत्यधिक विषाक्त होता है । गाजर घास के तेजी से फैलने के कारण अन्य उपयोगी वनस्पतियां खत्म होने लगती है, जैव विविधता के लिए गाजर घास एक बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है । इसके कारण फसलों की उत्पादकता कम हो जाती है । यह भी बताया गया है कि गाजर घास का पौधा तीन–चार महीने में अपना जीवन चक्र पूरा कर लेता है तथा 1 वर्ष में उसकी चार पीढ़ियां पूरी हो जाती है । विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गाजर घास के नियंत्रण हेतु रासायनिक विधियों पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि गाजर घास के साथ अन्य वनस्पतियों को नष्ट करने के लिए ग्लायफोसेट (1.0 से 1.5 प्रतिशत )और घास कुल की वनस्पतियों को बचाते हुए केवल गाजर घास को नष्ट करने के लिए 2,4–डी (1.5 लीटर )या मेट्रिब्यूजीन (0.32– 0.5 प्रतिशत) नाम के शाकनाशी का का प्रयोग किया जाना चाहिए । यह भी सुझाव दिया गया कि वर्षा ऋतु में गाजर घास पर जैविक नियंत्रण के लिए मैक्सिकन बीटल (जाइग्रोग्रामा बाइकोलोराटा) नामक कीट को छोड़ना चाहिए ,तथा घर के आसपास एवं संरक्षित क्षेत्रों में गेंदा के पौध को लगाकर गाजर घास के फैलाव व वृद्धि को रोका जा सकता है । उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष डॉ ए के सिंह ,छात्र, कृषक, मजदूर के अलावा डॉ एच सी सिंह, इं आर सी तिवारी, डॉ रवि शंकर सिंह, डॉ राम प्रताप सिंह ,डॉ बी एन सिंह, अशोक कुमार सिंह ,देवी प्रसाद एवं रमाशंकर गुप्ता आदि उपस्थित थे ।कार्यक्रम के अंत में संचालक डॉ राम प्रताप सिंह द्वारा आए हुए समस्त वैज्ञानिक, शिक्षक, कर्मचारी ,कृषक, मजदूर एवं छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मंदिर पर कब्जे को लेकर रार, डीएम की चौखट पर भिड़े दोनों गुट

### डीएम ने मौके पर आकर हंगामे को किया शांत, पुलिस कर्मी बने रहे मूकदर्शक

फतेहपुर। मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर दो अलग–अलग गुटों ने जिलाधिकारी से मिलकर एक दूसरे पर मंदिर की भूमि व मंदिर में कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच करने की मांग किया। हिन्दू महासभा के नेता मनोज त्रिवेदी के नेतृव में बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने शांतीनगर मोहल्ला स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में अवैध कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि उक्त समस्याओं को लेकर 20 जुलाई को भी शिकायती पत्र दिया गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के अनाधिकृत तथाकथित सेवादार कब्जेदार की सहमति से उनके अधिवक्ता पुत्र द्वारा हमला किया गया था। जिसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज करवाई गयी थी। जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। उन्होंने मन्दिर में बसपा नेता की नियुक्त की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग किया। उन्होंने मन्दिर कमेटी पर तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण से मुक्त करवाई गई मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए मन्दिर की जमीन का सीमांकन व नाप कराए जाने की मांग किया। एक पक्ष कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दे रहा था। तभी वहां दूसरे गुट की ओर से जयकरन निवासी जयराम के पुरवा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुँची और मनोज त्रिवेदी को भूमाफिया व हिस्ट्रीशीटर बताते हुए मोहल्ला जयराम का पुरवा मिड्डनपुर में गाटा संख्या 18 व शहर के पटेल नगर मोहल्ले के हनुमान मंदिर पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मंदिर के दान पात्र की राशि का निजी उपयोग किये जाने समेत आरोप लगाते हुए मामले की जाँच कर कानूनी कार्यवाई किये जाने की मांग किया। मनोज त्रिवेदी के नेतृत्व में पहुंचा एक पक्ष डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने के बाद वहीं रुका था तभी दूसरे पक्ष जयकरन के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुँच गया। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर दोनों पक्षो के आमने सामने आने से असहज स्थिति बन गई और दोनों पक्षो की ओर से आई महिलाओं में जमकर तू–तू, मैं–मैं शुरू हो गई। डीएम कार्यालय के बाहर हंगामा होता रहा। इस दौरान कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड समेत पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे। वहीं डीएम की चौखट से चन्द कदम दूर स्थित कचेहरी पुलिस चौकी से कोई भी पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। हंगामा बढ़ता रहा। तभी जन सुनवाई कर रही जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बाहर आकर दोनों पक्षो के आरोप प्रत्यारोप सुनकर जांच कराने का आश्वासन दिया। जिससे हंगामा कर रहे लोग शांत हुए।

## मुस्लिम नेत्री ने बांधी सदर विधायक को राखी

फतेहपुर। भाई–बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार समाप्त होने के बाद भी भाई–बहन के प्यार का सिलसिला अभी भी जारी है। ..भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला महामंत्री रूबीना वारसी ने सदर विधायक के आवास पहुंचकर राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला महामंत्री रुबीना वारसी भाजपा सदर विधायक विक्रम सिंह के आवास पहुंची। जहां उन्होने सदर विधायक की कलाई में रक्षासूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। सदर विधायक ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके साथ–साथ जिले की प्रत्येक महिला की सुरक्षा करना उनका कर्तव्य है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है। महिला उत्पीड़न की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होने जिले की महिलाओं से आहवान किया कि उन्हें यदि किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह उनसे सीधे सम्पर्क कर सकती हैं। वह महिलाओं की सुरक्षा व न्याय दिलाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होने भाजपा नेत्री को आशीर्वचन के साथ–साथ उपहार भेंट किए। भाजपा नेत्री के इस कार्य की सभी ने भूरि–भूरि प्रशंसा भी की।

# बाढ़ क्षेत्रो का जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया दौरा,दिये बचाव के निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद में बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा तहसील बांसी के अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत बनकटा आदि गांवों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबधित नायब तहसीलदार को बाढ़ प्रभावित गांवों में बाढ़ से संबधित आवश्यक व्यवस्था कराने को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों से वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को आश्वस्त कराया कि शासनध्प्रशासन द्वारा हर सम्भव राहत सामग्रीध्सुविधा दी जायेगी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ शरणालयों में आवश्यक





सामग्री की कमी नही होनी चाहिए। इसके साथ ही संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबधित लेखपाल को फसलो का सर्वे कर मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया गया।इसके पश्चात जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ तहसील डुमरियागंज के अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत मोखवा, वीरपुर, पिकौरा आदि विभिन्न गांवों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों का मोटरबोट से जाकर देखा गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उपजिलाधिकारी को बाढ़ प्रभावित गांवों में संबधित आवश्यक व्यवस्था कराने को निर्देश दिया गया।

डाक्टरो की टीम द्वारा कैम्प लगाकर दवा वितरण कराया जा रहा था। इसके साथ बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों को राहत किट तथा राशन दिया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों से वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को आश्वस्त कराया कि शासनध्प्रशासन द्वारा हर सम्भव राहत सामग्रीध्सुविधा दी जायेगी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ शरणालयों में आवश्यक सामग्री की कमी नही होनी चाहिए। इसके साथ ही संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबधित लेखपाल को फसलो का सर्वे कर मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सन्दीप चौधरी, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज त्रिभवन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## धीरज सिंह बने क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के नौगढ़ ब्लाक के अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ संगठन के नौगढ़ ब्लाक के अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरज सिंह को बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में ब्लाक प्रमुख नौगढ़ प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, एबीवीपी के पूर्व प्रदेश सहमंत्री शिवशक्ति शर्मा, अनूप सिंह, अमरेश सिंह,राहुल मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण में राजेश



श्रीवास्तव, मुन्ना गौड़, दुर्गेश लोधी, प्रदीप मिश्रा, दुर्गेश पासवान, सुरेश भाष्कर, करीम, कुर्बान, सोनू गिरी, प्रेम चौधरी, प्रेम प्रकाश, आदि शुभचिंतकों ने बधाई संदेश सोशल मीडिया के जरिए वाटसप, मैसेज, काल व मिलकर बधाईयाँ दी। इस दौरान संघ के ब्लाक अध्यक्ष धीरज सिंह ने कहा कि अपने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ हमेशा खड़े रहेगें उनके सुख दुख में हमेशा साथ हैं। उनके मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं होने दिया जायेगा।

## भलुवान गोलीकांड: नहीं बची काजल, पेट में लगी थी गोली

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गगहा/गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भलुवान में बीते शनिवार को काजल नामक युवती को उसी गांव के बदमाश विजय प्रजापति ने पेट में गोली मार दी थी। पिछले 4 दिनों से केजीएमसी लखनऊ में मौत और जीवन के बीच का संघर्ष करने के बाद काजल की बुधवार सुबह मृत्यु हो गई। पिछले 4 दिनों से केजीएमसी लखनऊ के डॉक्टर काजल के पेट



से गोली निकालने की मशक्कत करते रहे। इस दौरान रक्त बहाव भी अधिक हो चुका था। काजल के पिता राजीव नयन सिंह के अनुसार परिजन शाम तक शव लेकर पैतृक निवास भलुवान पहुंच जाएंगे। काजल के परिजनों के साथ लखनऊ गए गगहा थाना के दरोगा अमित चौधरी और कॉन्स्टेबल विजय यादव ने भी युवती को बचाने के लिए खून दिया था।

## स्कूल जाई ते जान बेधवाई नाई जाई ते नोकरी से जाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत राजगढ़



के राजस्व गांव अहिरौली के प्राथमिक विद्यालय में बारिश के चलते भारी जल जमाव हो गया है। विद्यालय के कमरों से लगायत लान और चारों तरफ पानी भरा हुआ है। जिसमें काई लगी हुई है, और विशैले सांप भी घुसे हुए हैं।ऐसे यहां के शिक्षको के लिए एक विषम समस्या बनी हुई है कि स्कूल जाए तो जाए कैसे।अहिरौली गांव के प्राथमिक विद्यालय में हर वर्ष यह दसा देखने को मिलता है। पिछले दो वर्ष तक कार्यवाहक प्रधानाध्यापक देवेन्द्र चन्द कीसी तरह लोगों का दरवाजा या सड़क कटवा कर पानी निकलवा दिया करते थे। लेकिन इस बार लोग काटने नहीं दे रहे हैं। क्या है कारण: कार्यवाहक प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल के अगल बगल लोगों ने अपना घर बना लिया है। और उसको पाट टर ऊंचा कर दिए हैं। स्कूल के सामने एक गड़ही है। जो बारिश के दिनों में उफना कर इधर ही बहती है। पहले उसका पानी बह कर आगे निकल जाता था। लेकिन अब पट जाने से पानी निकल नहीं पा रहा है। और स्कूल में ही जमा हो जा रहा है। यदि यहां पर पाइप पड़ जाती तो इस समस्या से छुटकारा मिल जाता.

## बाढ़ पीड़ितों को मिलेगा हर संभव मदद: राघवेंद्र प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।





सिद्धार्थनगर जिला इस वक्ध्त बाढ़ की चपेट में है। डुमरियागंज तहसील भी इससे अछूता नहीं है। डुमरियागंज तहसील का ज्यादातर हिस्सा इस वक्ध्त बाढ़ की विभीषिका झेल रहा है। डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह लगातार क्षेत्र का दौरा कर लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्या को जानने का प्रयास कर रहे हैं और लोगों में राहत सामग्री का किट भी वितरित कर रहे हैं । बुद्धवार को डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी दीपक मीणा के साथ भनवापुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम वीरपुर एहतमाली, वीरपुर कोहल, पिकौरा, भरवटिया बाजार, भरवटिया मुस्तहकम, बनगाई नानकार, सुकरौली, एवं चक मझारी आदि गाँवों का दौरा कर पीड़ित लोगों से मुलाकात किया और उन्हें ना सिर्फ उनके बर्बाद हो चुके फसल का मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया बल्कि प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। इस अवसर पर विधायक राघवेंद्र सिंह के साथ जिलाधिकारी दीपक मीणा, उप जिलाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद, भनवापुर के स्वास्थ्य चिकित्साधिकारी शैलेन्द्र मणि, पशु चिक्तिसाधिकारी सिद्धार्थनगर डॉक्टर एम पी सिंह,भनवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा समेत तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## व्यापारी बंधु ऑनलाइन लेन–देन में अत्यंत सतर्कता रखें: सुरेश चंद्र रावत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विकास भवन स्थित अंबेडकर सभागार में मंगलवार को सीताराम गुप्ता अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के साथ उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर ने सभी की पुलिस से संबंधित समस्याओं को अत्यंत गंभीरता से सुना। समय बद्ध अपेक्षित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। व्यापारी बंधुओं को यह भी बताया गया कि साइबर फ्रॉड के दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन लेन–देन में अत्यंत सतर्कता रखें। किसी को भी अपना बैंक डिटेल अथवा



ओटीपी शेयर ना करें। किसी भी तरह का यदि साइबर फ्रॉड होता है तो साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 155260 पर तत्काल बताएं। घटना से 72 घंटे के अंदर यदि प्रकरण दर्ज हो जाता है तो फ्रॉड होने वाले धन के वापसी की संभावना अधिक रहती है। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर ने यह भी बताया कि यूपी 112 मैं प्राप्त होने वाली शिकायतों पर रिस्पांस टाइम व निस्तारण की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग मेरे द्वारा की जा रही है। विगत माह में पीआरबी वाहनों का रिस्पांस टाइम औसतन 9 मिनट रहा था। और अधिक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। यदि किसी समय 112 पर नेटवर्क के कारण कॉल ना लग पा रही हो तो तत्काल यूपी 112 के व्हाट्सएप नंबर 7570000100 पर अपनी शिकायत टेक्स्ट में या ऑडियो फार्म में भेजे तत्काल पुलिस सहायता मिलेगी। व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया गया की सभी व्यापारियों को अपने अपने प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने हेतु प्रेरित करें।

## विरासत वृक्षों के बचाव के लिए चलाया जा रहा पखवारा अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। 30 करोड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत रोपित पौधों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 22 अगस्त 2021 से 29 अगस्त 2021 के मध्य रक्षा सूत्र कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधिध सांसद ध विधायक एवं महिलाओं द्वारा रोपित पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया जा रहा है जिसके क्रम में




बुधवार को हाटा रेंज अन्तर्गत भुजौली माइनर देवरिया ब्रांच नहर बलुआ रजवाहा,मौन नाला,ककवल माइनर, इत्यादि जगहों पर रोपित पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर आम जनमानस में पौधों के संरक्षण व संवर्धन का संदेश देने के उद्देश्य से रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में निकटवर्ती गावों के ग्राम प्रधान,सदस्य आदि सहित, हाटा रेंजर राजेश कुशवाहा,महेंद्र यादव ,दुर्गा दत्त राय, वन दरोगागण अब्दुल आलम ,राजेश चौधरी, रामप्रीत सिंह ,राम दुलारे सिंह मुकेश यादव, प्रदीप सिंह ,शंभू राजभर वन रक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

## अवैध निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई का हुआ असर


लखनऊ । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा शहर में अवैध निमार्णों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करने का असर अब दिखने लगा है। बुधवार को गोमतीनगर क्षेत्र में 2 अवैध निमार्णों को सील किया गया। प्राधिकरण के अधिशासी अभियन्ता प्रवर्तन जोन1 अवनीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरके सिंह व अन्य द्वारा आरकेपुरम, मल्हौर, चिनहट,में लगभग 3000 वर्गफुट के भूखंड पर भूतल का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था।

अवैध निर्माण किये जाने पर प्राधिकरण के विहित न्यायालय में वाद संख्या–83ध2021 योजित किया गया था। अवैध निर्माण न रोके जाने पर योजित वाद में विहित प्राधिकारी आनन्द कुमार सिंह द्वारा दिनांक 23 जुलाई को उक्त परिसर को सील किये जाने के आदेश पारित किया गया था। आदेश के अनुपालन में सील किया गया। उक्त के अतिरिक्त वीर विक्रम सिंह द्वारा भूखंड संख्या–43, एल्डिको कालोनी, विकल्प खण्ड, गोमतीनगर पर भवन के निर्माण करते हुए रियर सेट बैक में 2 दुकानों का निर्माण भी अवैध रूप से किया गया था। अवैध रूप से निर्माण किये जाने पर प्राधिकरण के विहित न्यायालय में वाद संख्या–773ध 2018 योजित किया गया था। अवैध निर्माण न रोके जाने पर योजित वाद में विहित प्राधिकारी आनन्द कुमार सिंह द्वारा 28 जुलाई को उक्त परिसर को सील किये जाने के आदेश पारित किया गया था। आदेश के अनुपालन में सील किया गया।उपरोक्त कार्रवाई अवर अभियन्ता उदय वीर सिंह तथा जितेन्द्र कुमार द्वारा प्राधिकरण व क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से की गई।

## शिवबाबा पोखरे की मछलियों का मरना, बना चर्चा का विषय

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। इन दिनों शोहरतगढ़ का शिवबाबा



पोखरा चर्चा की विषय बना हुआ। बुधवार को सुबह जबकस्बे के कुछ लोग मॉर्निंग वॉक के लिए आये तब लोगों को जानकारी हुई। बताते चले कि प्रश्नगत पोखरा परिसर काफी रमणीय है। आये दिन एवं विशेष पर्वो पर वहां धार्मिक कार्यों का आयोजन होता है। आज उसी पोखरे की मछलियाँ अज्ञात कारणों से मर रही है। शोहरतगढ़ कस्बा सहित अन्य क्षेत्र के लोग प्रातः व्यायाम हेतु आते है, मछलियों के अचानक मरने से लोग तरह तरह की बातें कह रहे है। समय रहते मछलियों की देखभाल एवं सफाई न होने से वहाँ का वातावरण दूषित होने की संभावना है। लोग प्रतिबंधित दवा डालने की भी आशंका जता रहे है, जिससे कि मछलिया मर रही है। इस सम्बंध में नगर पंचायत अध्यक्ष से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन सम्पर्क स्थापित नही हो पाया।

## 118 बाल्टी पेंट के साथ तस्कर गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। बुद्धवार को एसएसबी खुनुवा के




जवानों ने भारत से नेपाल डीसीएम द्वारा 118 बाल्टी पेंट की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया है। पूछताछ में युवक का नाम दीनानाथ साहनी उम्र 55 वर्ष पुत्र श्रीराम साहनी, गांव– एकडगवा, थाना–सहजनवां, जिला– गोरखपुर बताया गया। युवक को कस्टम एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान स०उप निरीक्षक विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी पंकज कुमार, रामसिंह, आरक्षी– परमिंद कुमार ,सन्तोष वर्मा शामिल रहे।

## बेसहारा पशुओं से हलकान है अन्नदाता

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जोगिया उदयपुर के कई गांवों में बेसहारा पशु





सैकड़ों की संख्या में धूम रहे हैं किसानों की फसल को नुकसान के साथ–साथ इससे सड़कों पर दुर्घटना भी हो रही है आए दिन पशुओं वाहनों से टकराकरमर रहे कोई इसको देखने सुनने वाला कोई नहीं है मरी हुई गायों को दुर्घटना से महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है ऐसे ही जिम्मेदार से अपील है कि इन तथ्यों को संज्ञान में लेकर तुरंत समस्या का समाधान कराएं जिससे अन्नदाता और बेजुबान दोनों की रक्षा हो और किसानों का आरोप है कि जोगिया ब्लाक के अधिकारियों के मिलीभगत से यह समस्या बनी हुई है आखिर क्यों योगी सरकार ऐसे अधिकारियों के ऊपर शिकंजा क्यों नहीं कर किसानों का दर्द कौन समझेगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सिद्धार्थनगर। छात्रसभा जिलाध्यक्ष विष्णु उमर के अगुवाई मे समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के जनपद में प्रथम आगमन पर सनई चौराहे पर उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही सनई चौराहे स्थित नेता जी सुभाष चंद्र जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष लाल जी यादव, इदरीस पटवारी, मोहम्मद शहजाद, अरुण चौधरी, उपाध्यक्ष राहुल यादव, वकार मोइज खान, नागेश्वर मिश्र गोलू, शशांक शेखर त्रिपाठी, प्रशांत,मुखतार खान आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के गांवो में लोगों का जाना हाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। बुधवार को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर दीपक मीणा



ने विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों वीरपुर एहतमाली, वीरपुर कोहल, पिकौरा,भरवठिया मुस्तहकम, भरवठिया बाजार, आदि का दौरा किया।ग्रामीणों से रूबरू हुए विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार हर संभव बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों के लिए काम कर रही है। जिलाधिकारी ने बाढ़ से किसानों के हुए फसल बर्बाद का सर्वे कर रिपोर्ट के आधार पर जल्द मुआवजा राशि देने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज त्रिभुवन, प्रभारी चिकित्साधिकारी भनवापुर डॉ शैलेंद्र मणि ओझा, पशु चिकित्साधिकारी भनवापुर डॉ एम.पी सिंह,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर लवकुश ओझा,एस.पी श्रीवास्तव,आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**उम्मीद की जानी चाहिए कि शीर्ष अदालत की व्यवस्था के बाद पुलिस की मनमानी पर रोक लगेगी, जिसमें निचली अदालतों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। आशा की जानी चाहिए कि शीर्ष अदालत की व्यवस्था के बाद निचली अदालतें नैसर्गिक न्याय की अवधारणा ...**

## गिरफ्तारी का औचित्य

एक टीस जिसे देश के करोड़ों लोग महसूस करते रहे हैं, उसके बाबत व्यवस्था देते हुए देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि लोगों को बेवजह इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए कि पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने का हक है। महज आरोप पत्र दाखिल करने की बाबत होने वाली गिरफ्तारियां लोगों को जीवनभर के लिए त्रास दे जाती हैं। इससे व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी क्षति पहुंचती है। अदालत ने साफ किया है कि यह अनिवार्य नहीं कि हर मामले में गिरफ्तारी जरूरी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में जालसाजी व धोखाधड़ी के एक मामले में सात साल बाद आरोप पत्र दाखिल करने के लिये कुछ व्यक्तियों की गिरफ्तारी की कोशिश में एक व्यक्ति ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की। लेकिन राहत न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल व हृषिकेश रॉय की पीठ ने यह व्यवस्था दी। अदालत का तर्क था कि केवल उन्हीं गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी होनी चाहिए, जिसमें अभियुक्त के भागने, सबूतों को नष्ट करने या साक्षियों पर दबाव बनाने की आशंका हो। कोर्ट का मानना था कि पुलिस के गिरफ्तारी के अधिकार और उसके विवेकशील ढंग से प्रयोग करने की स्थिति में अंतर होना चाहिए, जिससे व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा भी हो सके। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के ये दिशा–निर्देश जहां लाखों लोगों की प्रतिष्ठा की रक्षा करेगें, वहीं जेलों पर पडने वाला अनावश्यक दबाव भी कम होगा। दरअसल, रिपोर्ट में नाम आते ही व्यक्ति की गिरफ्तारी की जरूरत को अदालत ने खारिज किया है। साथ ही कहा है कि इस अधिकार को तब ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए जब कोई और विकल्प शेष न हो। दरअसल, यह स्थिति व्यक्ति को भयाक्रांत तो करती है, वहीं यह मनमाना अधिकार भयादोहन व भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है। रिपोर्टें बताती रही हैं कि बड़ी संख्या में दहेज व अन्य मामलों में झूठे मुकदमे दर्ज होते रहे हैं। कई बार तो गिरफ्तारी से अपनी प्रतिष्ठा बचाने के चक्कर में लोग गलत कदम उठा बैठते हैं। तभी शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि कानूनी अधिकार होने के बावजूद हर मामले में आरोपी को गिरफ्तार करना जरूरी नहीं। जरूरत इस बात की भी है कि निचली अदालतें भी इस संबंध में संवेदनशील व्यवहार दिखाएं और गैर जरूरी मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने हेतु गिरफ्तारी की अनिवार्यता से परहेज करें ताकि गिरफ्तारी नियम के बजाय अपवाद स्वरूप ही रहे। पुलिस को भी चाहिए कि मामले में सहयोग कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार न करे। उम्मीद की जानी चाहिए कि शीर्ष अदालत की व्यवस्था के बाद पुलिस की मनमानी पर रोक लगेगी, जिसमें निचली अदालतों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। आशा की जानी चाहिए कि शीर्ष अदालत की व्यवस्था के बाद निचली अदालतें नैसर्गिक न्याय की अवधारणा को संबल देंगी। वहीं पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां भी अपनी कार्यशैली को लेकर आत्ममंथन करेंगी। बेहतर होगा कि इस तरह की अनावश्यक गिरफ्तारी को कानून के जरिये भी रोका जाये।

## मन से मौसम

अभिषेक ओझा

ट्विटर पर एक वायरल फोटो देख श्व्हेअर आई नीड टु स्टडीय मन में एक प्रश्न उठा कि ये सब भी लगता है पढ़ाई में? हमें तो लगता था पढ़ाई के लिए किताब चाहिए और मन चाहिए। पर मजा भी आया क्योंकि कई बातें याद आ गयी...। बात उन दिनों की है जब हमारे अपार्टमेंट में इतने लोग आते–जाते रहते कि मेरे एक दोस्त कहते, श्बाबा, इसे अब धर्मशाला घोषित कर दो।य वीकेंड पर तो अक्सर पांच–छह लोग हो जाते। उन दिनों हम लोग कभी–कभार खाना भी बना लेते। अक्सर बाहर खाते। अतिथियों में से कुछ खाना बनाने के विशेषज्ञ भी थे तो धीरे–धीरे रेड्डी की चटनी, शर्मा की कढ़ी जैसे व्यंजन आविष्कृत हो चुके थे। इससे हुआ ये कि कुछ–कुछ बर्तन और खाना बनाने के अन्य सामान जमा होते गए। धीरे–धीरे हम भी बनाने लग गए। हमारे एमबीए कर रहे मित्र ने एक रविवार घोषणा की, श्आज मैं दाल–चावल बनाऊंगा।य पर किचन में जिस गति से गए थे, उससे भी तेज गति से लौट आए। कहने लगे–टमाटर नहीं हैं। दाल नहीं बनेगी। श्यार तुम बनाओ, अगर दाल कह दे कि बिना टमाटर मैं नहीं बन रही। कर लो जो करना है! तो मुझे बताना।य कुढ़ कर उन्होंने दाल बनायी। खाते समय बोले, श्यार अच्छी बन गयी है। मुझे नहीं पता था बिना टमाटर के भी दाल बनती है।य

वैसे ही एक हमारे बड़े अच्छे मित्र। एक दिन उन्हें फिघ्टनेस का भूत सवार हुआ। पहले खूब रिसर्च की। उन्होंने एक जिम ढूंढ़ निकाला जो पैसे लेता था, इस बात की गारंटी के साथ कि अमेरिका में लगभग हर जगह उनकी शाखाएं हैं। फिघ्लहाल उन्होंने पहला काम ये किया कि साल भर की प्रीमियम मेंबरशिप ले ली। मन तो हुआ था कि कहूं श्कहानी पढ़े हो फेडिप्पिडिस की? नंगे पैर ही दौड़ गया था। और आज तक उसके नाम पर मैराथन होता है।य मेरे दिमाग में चल रहा था कि हमारे गांव की कोई दादी की उमर की औरत होती तो वार्तालाप कैसा होता! स्वाभाविक प्रश्न होता कि दौडने के लिए इन सब की क्या जरूरत? इसी प्रकार फोटोग्राफी का शौक चढ़ा तो कैमरा खरीदा। किताब ले आए। पहला कैमरा औने–पौने दाम में बेचकर दुनिया का लगभग सबसे महंगा कैमरा ले आए। मैंने कहा–भाई इतनी अच्छी गाडियां हैं। केवल टायर की ही खींचोगे? हमारी भी खींच दो। तो बोले श्नहीं बे आर्टिस्टिक एंगल से खींचना होता है। कोर्स में बताया था, पहली क्लास में।य ऐसे ही कई शौक आए और गए। बात आप समझ ही गए होंगे। वैसे ये सब लिख–पढ़ कर कुछ बदलना तो है नहीं पर रमानाथ अवस्थी की कविता की एक सुंदर पंक्ति है श्कुछ कर गुजरने के लिये मौसम नहीं, मन चाहिए!य

## धैर्य से ही जीवन में खुशहाली की राह

**मशीनीकरण के आधुनिक युग में व्यक्ति त्वरित परिणाम की लिप्सा का शिकार हो चुका है। बटन दबाकर चीजों को हाजिर करने की प्रवृत्ति ने व्यक्ति को अधीर बना दिया है। अब हम चुटकियों में सारे काम निपटाना चाहते हैं। वस्तुतरू अब हममें धैर्य नहीं रहा। धैर्य के अभाव में हम समस्त ऊर्जा खर्च करने के बाद भी लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। थक हारकर हम निराशा के गर्त में समा रहे हैं। यदि परिणाम तुरंत न आए तो ...**

देवेन्द्रराज सुथार

आधुनिक प्रतिस्पर्धा युक्त माहौल में अधिकाधिक धनोपार्जन एवं उत्तम सुख साधनों को प्राप्त करना जीवन का ध्येय हो गया है। जीवन से धैर्य गायब हो गया है। धैर्य ही समस्त सुखों का और लोभ समस्त दुखों का मूल कारण है। मनुष्य के मन में धैर्य होना स्वर्ग की प्राप्ति से भी बढ़कर है। यदि मन में धैर्य भली–भांति प्रतिष्ठित हो जाए तो उससे बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। जैसे जल के बिना नाव कितने भी उपाय करने पर नहीं चल सकती, उसी प्रकार सहज धैर्य बिना कभी शांति नहीं मिल सकती।

धैर्य मानव जीवन का पर्याय है। लेकिन संसार के समस्त सुखों को त्याग कर धैर्य को परम सुख मानकर आदर्श स्थापित करना सरल नहीं है। सब सुख पाने के बाद भी धैर्य न आने पर जीवन अशांत बन जाता है। कष्ट, भूख और विपन्नता में रहने के बावजूद धैर्य में परम आनंद मिलता है। धैर्य और सहनशीलता के कारण ही भारतीय संस्कृति अत्यंत उदात्त और गरिमा मंडित है।

केवल संपन्नता और धन की खोज करने वाले धैर्य की झलक से अपना व्यक्तित्व दूर रखते हैं। मनुष्य के जीवन में एक बार भी धैर्य आ जाने पर संपूर्ण जीवन अनन्य सुख और परम शांति से ओतप्रोत हो जाता है। मनुष्य को धैर्य की भावना से सकारात्मक दिशा मिलती है। धैर्य का फल सदा मीठा होता है।

मन में धैर्य आ जाने मात्र से हम संतुष्ट व आशावादी हो जाते हैं। आशावादी दृष्टिकोण से हम निराशा और चिंता से मुक्त हो जाते हैं। हमारे सभी दुख मिट जाते हैं, हम शांति से सोते हैं, खुशी–खुशी जागते हैं। हमारे हृदय में प्रेम और करुणा भरी रहती है और हमें असीम शांति का अहसास होता है। धैर्य के बिना मनुष्य निराशावादी हो जाता है और खुद को कोसता रहता है। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए कार्यरत रहें और अपनी गुणवत्ता के स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत रहें। जिसके मन में धैर्य है, उसके लिए सब जगह संपन्नता है।

संत सुकरात के घर सवेरे से शाम तक सत्संग के लिए आने वालों का तांता लगा रहता था। सुकरात की पत्नी कर्कश स्वभाव की थी। वह सोचती थी कि निठल्ले लोग बेकार ही उसके घर अड्डा जमाए रखते हैं। वह समय–समय पर उनके साथ रूखा व्यवहार करती। इस बात से सुकरात को दुरूख होता। एक दिन सुकरात लोगों के साथ बतिया रहे थे कि पत्नी ने उनके ऊपर छत से गंदा पानी उलीच दिया। इतना ही नहीं, वह उन्हें निठल्ला कहकर गालियां भी देने लगी। सत्संगियों को यह उनका अपमान लगा। सुकरात को भी यह व्यवहार बुरा लगा परंतु उन्होंने बहुत धैर्य के साथ उपस्थित लोगों से कहा–आप सभी ने सुना होगा कि जो गरजता है, वह बरसता नहीं। आज तो मेरी पत्नी ने गरजना–बरसना साथ–साथ कर उपरोक्त कहावत को ही झुठला दिया है। सुकरात के विनोद भरे ये शब्द सुनते ही तमाम लोगों का क्रोध शांत हो गया। वे पुनरू सत्संग में लिप्त हो गए। सुकरात का धैर्य देखकर उनकी पत्नी चकित रह गई। उसी दिन से उसने अपना स्वभाव बदल दिया और आने वाले लोगों का सत्कार करने लगी।

महात्मा गांधी के जीवन की कई घटनाओं से धैर्य का प्रत्यक्ष उदाहरण मिलता है। जब पहली बार उन्हें दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की नीति के कारण ट्रेन से उतारा गया तो उन्होंने तुरंत ही उसकी प्रतिक्रिया नहीं की। उन्होंने उस अधिकारी के साथ उलझना सही नहीं समझा बल्कि उस परिस्थिति को समझा और पाया कि इसके पीछे का कारण रंगभेद की नीति है और जब तक इस नीति के ऊपर प्रहार नहीं किया जाता, ऐसी घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है। उन्होंने इसके लिए योजना बनाई और फिर संघर्ष शुरू किया। हालांकि, उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़ा लेकिन उन्होंने धैर्य नहीं खोया और उसी धैर्य ने उन्हें सफलता दिलाई।

मशीनीकरण के आधुनिक युग में व्यक्ति त्वरित परिणाम की लिप्सा का शिकार हो चुका है। बटन दबाकर चीजों को हाजिर करने की प्रवृत्ति ने व्यक्ति को अधीर बना दिया है। अब हम चुटकियों में सारे काम निपटाना चाहते हैं। वस्तुतरू अब हममें धैर्य नहीं रहा। धैर्य के अभाव में हम समस्त ऊर्जा खर्च करने के बाद भी लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। थक हारकर हम निराशा के गर्त में समा रहे हैं। यदि परिणाम तुरंत न आए तो हमारी उत्तेजना बढ़ जाती है। अधीरता ने हमारे विवेक को हर लिया है। अतरू हमारी उत्कंठा हमारे सफलता के मार्ग में विघ्न डाल रही है।

बिना धैर्य के सफलता के लिए किए गए प्रयास निराशा में तबदील होकर हमें थका देंगे। हर काम अपने निश्चित समय पर पूर्ण होता है। भले ही माली पौधे की बार–बार सिंचाई इस आस में करे कि उसे फल तुरंत मिल जाएगा तो ये व्यर्थ उपक्रम है। फल ऋतु यानी समय आने पर ही मिलना संभव है।

अतरू हमें धैर्य धारण करना चाहिए। धैर्य विषम परिस्थितियों में लडने का अचूक बाण है। धैर्य की शक्ति हमें कभी निराश नहीं होने देती तथा मंजिल तक पहुंचाने का सामर्थ्य रखती है। धैर्य वह मित्र है जो कभी हमें धोखा नहीं देता।

## खेल नीति का निर्धारण हकीकत बने

**टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय खिलाडियों के दमदार प्रदर्शन ने देश में एक नयी खेल संस्कृति पैदा करने की जरूरत को रेखांकित कर दिया है। यह खेल संस्कृति शहरों से नहीं, गांवों से उभरनी चाहिये। नये खेल स्टेडियमों और कोचिंग खेल अकादमियों का नीव स्थल गांवों के खुले स्थान हों, न कि शहरी खेल स्टेडियमों की ऊंची दीवारों का बन्द माहौल। महानगरों के खेल स्थल और खेल स्टेडियम बने रहें...**

सुरेश सेठ

टोक्यो में अनूठा ओलम्पिक हो गया, जिसके खेल स्टेडियम कोरोना की वजह से दर्शकों से खाली थे, लेकिन यह इतना बड़ा इवेंट था कि एक पखवाड़ा इसके समाचार शीर्षकों की भेंट हो गया। भारत के खिलाडियों ने जो प्रदर्शन किया, उससे हर नागरिक का मन गद्‌गद, प्रधानमंत्री का हर्षातिरेक और राष्ट्रपति का आशीर्वाद मिला। पदक विजेताओं के लिए बड़े इनामों की झड़ी लग गयी। सच में खिलाडियों ने वे उपलब्धियां प्राप्त कर भारत के लिए इतिहास रच डाला।

एथलेटिक्स में पिछले सौ वर्ष में पहला स्वर्ण पदक प्राप्त कर हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने भाला फेंकने के खेल में इतिहास रच दिया और मिल्खा सिंह की आखिरी इच्छा को भी पूर्ण कर दिया कि श्काश! भारत भी एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीते।य लंदन ओलम्पिक में हम छह पदक जीत कर लाये थे, इस बार टोक्यो में हमने सात पदक जीत कर, कोरोना के इस विकट काल में भी अपना प्रदर्शन बेहतर किया।

भारतीय हॉकी अपनी लय में लौटी। आठ बार का स्वर्ण पदक विजेता भारत हॉकी खेल प्रणाली बदल जाने के बाद खेल के मैदान में पिछड़ गया था। इस बार उसने अपने प्रतिबद्ध और आक्रामक खेल के साथ पदक तालिका में वापसी की। सेमीफाइनल मुकाबला तो हार दिया, लेकिन चार दशकों के बाद कांस्य पदक जीत कर बता दिया कि अब भारतीय हॉकी के गरिमापूर्ण दिनों की वापसी हो गयी। महिलाओं की हॉकी भी नये वायदे लेकर आयी है, जीत–दर–जीत दर्ज करती हुई यह टीम कांस्य पदक तो जीत नहीं पायी लेकिन खेल के मैदान में उनका जुझारूपन नयी महिला खिलाड़ी के जुझारूपन की छवि प्रस्तुत कर रहा था।

भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया स्वर्ण पदक तो नहीं जीत पाये, लेकिन कजाकिस्तान के नियाजवेकोव को हराकर कांस्य पदक अवश्य जीत गये। रवि दहिया ने कुश्ती में रजत पदक जीत कर अपना दम दिखा दिया। महिलाओं की ओर से भारोत्तोलक मीराबाई चानू का रजत पदक, बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु और मुक्केबाज लवलीन बोरगेहन के कांस्य पदक भी देश की उस महिला शक्ति का परिचय दे रहे थे, जो भारत के पदक खिलाडियों के साथ कदम–ब–कदम चलना सीख रही है।

चाहे ओलम्पिक के पहले दिन की शुरुआत भारत ने एक रजत पदक से की और अन्तिम दिन भी अपनी झोली में एक स्वर्ण पदक डाल लिया, लेकिन इन उपलब्धियों के हर्षोन्माद में हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि जहां तक दूसरे देशों द्वारा पदक जीतने की तालिका का सम्बन्ध है, भारत इसमें 47वें स्थान पर है। यह सही है कि लंदन ओलम्पिक के मुकाबले हमने एक और पदक जीत लिया, लेकिन पदक विजेताओं की तालिका में हम कहां हैं?

भारतीय अपनी सेहत या खेल स्पर्धा में किसी से कम नहीं, फिर क्यों हर बार हम पिछलग्गू रह जाते हैं? कभी भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी की बात करते हुए हम थकते नहीं थे। पुराने ढंग की हॉकी में हम आठ बार स्वर्ण पदक विजेता रहे। उन दिनों पंजाब के पुलिस मुखिया अश्विनी कुमार हॉकी के प्रेरक और जननायक–सा रुतबा रखते थे। फिर हॉकी खेलने का ढंग बदल टर्फ मैदानों में आ गया, और भारतीय खिलाडियों को उसकी लय पकड़ते चार दशक लग गये। उनकी यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, परन्तु इस वापसी में इतना अन्तराल क्यों हो गया?

खिलाडियों की सूची खंगालते हैं। इनमें बड़ी संख्या में पंजाब के हैं, और पत्रकारों ने इनका नाम श्पंजाब ब्रिगेड्य रख दिया। लेकिन हॉकी में गोल बचाने वाला श्रीजेश गोलकीपर पंजाबी नहीं था, इसलिए याद रखा जाये कि खिलाड़ी तो खिलाड़ी होते हैं, खेलते हुए अपनी राष्ट्रीयता को समर्पित! इसलिए किसी भी स्तर पर इनका मान सम्मान क्षेत्रीयता की दृष्टि से नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर ही होना चाहिए। मीडिया भी इनकी कवरेज करते हुए इन्हें देश के लिए जूझते हुए खिलाड़ी माने, अपने–अपने इलाके के नहीं।

सही है कि टोक्यो ओलम्पिक दल के खिलाडियों में पंजाब और हरियाणा के खिलाडियों ने दमदार खेला, उपलब्धियां प्राप्त की, या अपने खेल के लिए प्रशंसा बटोरी लेकिन विजय पदक तालिका में भारत का सैंतालिसवां रैंक देखते हुए प्रश्न उठता है कि कमी कहां रह गयी? क्या इंटरनेट और डिजिटल भारत बनाने की इस अन्ध प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ी, देश के खेल मैदान और देश की उचित खेल नीति कहीं उपेक्षित हो गयी।

टोक्यो ओलम्पिक में अब जब भारतीय खिलाडियों ने अपना जज्बा दिखा कर आगे बढने का प्रयास किया है तो एक बात समझ लेनी चाहिये कि खिलाडियों को उचित पारितोषिक या मान सम्मान नहीं दिया जाता। देश के संचार माध्यमों और मीडिया में ऐसे खिलाडियों की खबरें उभरने लगती हैं, जिन्हें पूर्व हो जाने पर उचित रोजी रोटी का वसीला नहीं मिलता और वह फुटपाथी धंधों में अपना जीवनयापन करते हैं।

हम गर्व से यह तो कह देते हैं कि विश्वस्तरीय इन खेल प्रतियोगिताओं या ओलम्पिक में हमारे देहाती नौजवान उभरते हैं। लेकिन देश के ग्रामीण इलाकों में उचित खेल मैदानों, प्रशिक्षण और खेल प्रतियोगिताओं का प्रबन्ध क्यों नहीं है? हमारे खेल स्टेडियम, कोच, अकादमियां शहरी इलाकों में क्यों सिमटी हुई हैं? ग्रामीणों की अपनी खेल प्रतियोगितायें भी होती हैं, जिनकी स्थानीय रंगत और उत्साह लोगों को अपनी मिट्टी से जोड़ता है, यह उन्हें नगरों और विदेशों की ओर पलायन के लिए भी निरुत्साह कर सकता है। जरूरी है वहां खिलाडियों की खेल प्रतिभा को उचित संरक्षण मिले।

टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय खिलाडियों के दमदार प्रदर्शन ने देश में एक नयी खेल संस्कृति पैदा करने की जरूरत को रेखांकित कर दिया है। यह खेल संस्कृति शहरों से नहीं, गांवों से उभरनी चाहिये। नये खेल स्टेडियमों और कोचिंग खेल अकादमियों का नीव स्थल गांवों के खुले स्थान हों, न कि शहरी खेल स्टेडियमों की ऊंची दीवारों का बन्द माहौल। महानगरों के खेल स्थल और खेल स्टेडियम बने रहें। वहां खेल प्रतियोगितायें आयोजित करके खिलाडियों को आर्थिक पुरस्कारों एवं अभिनंदन उत्साह दिया जाता रहे, लेकिन भारत के गांवों के नौजवानों की सुदृढ़ नर्सरी, गांवों में सार्थक खेल नीति के प्रयास से ही बनेगी। वैसे इनमें क्षेत्रीयता, प्रांतीयता या जातिभेद की विभाजक रेखायें नहीं खींचनी चाहिये। लेकिन नयी खेल नीति का केन्द्र बिन्दु गांवों की ओर बनाया जा सकता है। भारत आज भी मूलतरू गांवों का देश है, और इधर आत्मनिर्भर भारत का एक नारा भी है, श्चलें गांव की ओर।य

# महिला आयोग की सदस्या ने सुनी महिलाओ की समस्या, दिए आवश्यक सुझाव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत केकराही व टिकुरिया गांव के पंचायत भवन पर राज्य महिला आयोग की सदस्या अनीता सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना, तथा ग्रामीण महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। बुधवार को सुबह 10 बजे अपने निर्धारित कार्यक्रम स्थल टिकुरिया तथा 11.30 बजे केकराही स्थित पंचायत भवन पर महिला आयोग की सदस्या अनीता सिंह पहुंची। केकराही पहुंचते ही ग्राम प्रधान गणों ने शिकायत कि डेढ़ माह से कर्मा ब्लाक के 15 ग्राम पंचायतों में सचिव का पद रिक्त होने के कारण गांव की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। महिला आयोग की सदस्या ने बीडीओ रमेश कुमार यादव से पूछा तो उनका कहना था कि ब्लाक से प्रस्ताव बनाकर डीपीआरओ कार्यालय भेजा गया है, परंतु अभी तक अनुमोदन नहीं हुआ है। बीडीओ के उत्तर पर उन्होंने कहा कि आज ही हम डीपीआरओ से बात करती हू। उन्होंने ने डीपीआरओ के कार्य प्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। श्रीमती सिंह ने महिलाओ से कहा कि कन्या सुमंगला योजना, जन आरोग्य योजना, सामूहिक शादी अनुदान योजना का फार्म भरकर आप सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाइए।उन्होंने महिला हेल्प लाइन नंबर को सार्वजनिक स्थल पर अंकित कराए जाने के लिए बीडीओ को निर्देशित किया। पेय जल की समस्या पर बीडीओ रमेश यादव ने ग्राम प्रधानों से कहा कि समर सेबल के लिए विद्युत कनेक्सन ग्राम पंचायत के नाम से कराया जाय, उसका भुगतान ग्राम पंचायत से कराया जाएगा। उन्होंने महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप लोगों से कोई व्यक्ति प्रधान,सचिव या बाबू सुविधा शुल्क की मांग करे तो कदापि नहीं दे, बल्कि उनकी शिकायत उच्चाधिकारी गणों से अवश्य करें। डीपीआरओ कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी गणों के कार्य आबंटित नहीं किए जाने से विकास कार्य बाधित होने से ग्राम प्रधान गणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए महिला आयोग की सदस्य ने जिलाधिकारी व उच्चाधिकारी गणों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सीमा कोल, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजित कुमार, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी राजेश खरवार, जिला पिछड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी, जिला समन्वयक साधना मिश्रा, सीमा देवी, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे,एडीओ पंचायत चन्द्र देव पांडेय, प्रमुख प्रतिनिधि रामअधार, उप निरीक्षक संतू सरोज ग्राम प्रधान राम चन्द्र प्रजापति, ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश यादव व छोटे लाल यादव, व आंगन बाड़ी कार्यकर्ती के साथ आदि ग्रामीण महिलाये उपस्थित रही।



# मुख्यमंत्री ने दुसरे चरण की 10 उज्ज्वला लाभार्थियों से बिडियो कांफ्रेंसिंग से बात की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के द्वितीय चरण में निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाली 10 जनपदों की लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। लाभार्थी महिलाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब एवं जरूरतमन्द परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन के माध्यम से बेहतर जीवन सुलभ कराने के लिए 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के अन्तर्गत निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सोनाली राठौर, रेखा देवी (हरदोई), शबाना, रजनी (फर्रुखाबाद) गीता, अर्चना (अमेठी), रोशनी, प्रियंका (चित्रकूट), प्रीती साहू, साफिया (बांदा), रानी (सोनभद्र), शिव दुलारी, आमीना (रायबरेली), कल्पना, खुशबू गुप्ता (महोबा), रीना (बदायूं), सरिता देवी (फतेहपुर) से संवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ईंधन का अर्थ स्वास्थ्य के लिए उत्तम ईंधन है। रसोई गैस एक स्वच्छ ईंधन है। इसके उपयोग से महिलाओं को भोजन बनाने में सहूलियत होगी, समय की बचत होगी। साथ ही, लकड़ी, कोयले, उपलों आदि के धुएं से होने वाली आंख एवं फेफड़े की बीमारियों से बचाव भी होगा। रसोई गैस के प्रयोग से पेड़ों की कटान कम होगी, जिससे पर्यावरण भी बेहतर होगा। लाभार्थी महिलाओं ने रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 10 अगस्त, 2021 को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के द्वितीय चरण का शुभारम्भ प्रदेश के जनपद महोबा से किया गया है। इसके तहत देश में कुल 01 करोड़ निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन गरीब एवं जरूरतमन्द परिवारों को प्रदान किये जाएंगे। 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के द्वितीय चरण हेतु प्रदेश के 10 जनपदों सोनभद्र, बांदा, महोबा, चित्रकूट, रायबरेली, हरदोई, बदायूं, अमेठी, फतेहपुर एवं फर्रूखाबाद का चयन किया गया है। इन जनपदों की 20 लाख लाभार्थियों को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के द्वितीय चरण में निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना के इस चरण में उन प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष प्राविधान किये गये हैं, जो 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के प्रथम चरण में पते के प्रमाण के अभाव में योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गये थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' का शुभारम्भ 01 मई, 2016 को प्रदेश के जनपद बलिया से किया गया था। योजना के अन्तर्गत मार्च, 2020 तक 08 करोड़ वंचित परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य था। इस लक्ष्य को तय सीमा से 07 महीने पूर्व सितम्बर, 2019 में प्राप्त कर लिया गया। योजना के अन्तर्गत प्रदेश में सर्वाधिक 1.47 करोड़ से अधिक निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन गरीब एवं जरूरतमन्द परिवारों को उपलब्ध कराये गये हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त होने से उनके जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन आया है। रसोई गैस कनेक्शन की उपलब्धता महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी भी है। इसके पूर्व, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं आत्मसम्मान की रक्षा के दृष्टिगत स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में 2.61 करोड़ व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया गया।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में बी0सी0 सखी के रूप में एक महिला का चयन किया जाना महत्वपूर्ण कदम है। इसी क्रम में सामुदायिक शौचालयों की देखरेख का दायित्व महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों के संचालन से भी महिला स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जा रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना', 'जननी सुरक्षा योजना', 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना', 'सौभाग्य योजना' आदि के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व रसोई गैस कनेक्शन एवं सिलेण्डर की रीफिल प्राप्त करने में बड़ी असुविधा होती थी। प्रधानमंत्री द्वारा गरीब और जरूरतमन्द परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। गरीब परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन केन्द्र व राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा जनप्रतिनिधिगण के निरन्तर सहयोग से उपलब्ध कराना सम्भव हुआ है।मुख्यमंत्री ने 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत गरीब परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने वाली कम्पनियों के प्रति आभार जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि योजना के तहत समयबद्ध ढंग से लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित जनपदों के जिला प्रशासन को यह ध्यान रखने के निर्देश दिये कि निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाले परिवार के घर में जाकर गैस कम्पनी अथवा एजेंसी का प्रतिनिधि रसोई गैस के उपयोग के सम्बन्ध में जरूरी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं, जिससे लाभार्थी परिवार द्वारा इस सुविधा का सुरक्षित ढंग से प्रयोग किया जा सके।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह 'धुन्नी सिंह' ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में धुआंरहित ग्रामीण भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। गरीब परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन की उपलब्धता से प्रदूषण कम करने व पेड़ों की कटान नियंत्रित करने में मदद मिली है।कार्यक्रम के दौरान 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' पर केन्द्रित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।

# उ0प्र0 की नई जनसंख्या नीति 'लक्ष्य और उद्देश्य'

रायबरेली । 11 जुलाई, 2021 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक 'नई जनसंख्या नीति' की घोषणा की गई। वर्ष 2021–2030 की अवधि के लिए घोषित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य की जनसंख्या पर नियंत्रण लगाना है। चीन के बाद दूसरी सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होने तथा जनसंख्या वृद्धि दर अधिक होने के कारण देश में समय–समय पर जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जा चुके हैं। कई राज्यों ने अपने यहां जनसंख्या नियंत्रण से सम्बन्धित प्रावधान लागू किए हैं, जिनमें दो से अधिक बच्चे होने पर पंचायत एवं नगरपालिका चुनावों से प्रतिबंधित किए जाने तथा सरकारी सुविधाओं से वंचित करने के प्रावधान शामिल हैं इस संदर्भ में देश के सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वृहद नीति के रूप में जनसंख्या नियंत्रण से सम्बन्धित कदम उठाया जाना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है।

उत्तर प्रदेश जनसंख्या नीति की समय सीमा उत्तर प्रदेश सरकार के सतत विकास लक्ष्य विजन 2030 पर आधारित है। नई जनसंख्या नीति की 2026 में मध्यवर्ती समीक्षा भी की जाएगी जिसके तहत लक्ष्यों की प्रगति का आकलन और आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाएगा। जनसंख्या नीति में प्रावधानित राज्य अनुसंधान प्रकोष्ठ द्वारा नीतिगत उद्देश्यों की प्राप्ति की निगरानी निश्चित समय पर होने वाले सर्वेक्षणों और अध्ययनों के माध्यम से की जाएगी। यह नीति 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के ध्येय वाक्य पर आधारित है इसमें यह निहित है कि सभी महिलाओं और पुरूषों के साथ–साथ विशिष्ट आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण और व्यापक प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी सेवाएं उपलब्ध हों, जिसमें हर बच्चा स्वस्थ और शिक्षित हो तथा लैंगिक समानता सुनिश्चित हो। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित इस जनसंख्या नीति में सतत विकास लक्ष्य दृष्टिकोण 2030 को ध्यान में रखते हुए कई नीतिगत उद्देश्यों को शामिल किया गया है जैसे– जनसंख्या स्थिरीकरण का लक्ष्य प्राप्त करना, निवारण योग्य मातृ मृत्यु और बीमारियों का उन्मूलन करना, नवजात और पाँच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की निवारण योग्य मृत्यु को समाप्त करना और उनकी पोषण स्थिति में सुधार करना, किशोर–किशोरियों के लिए यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और पोषण से सम्बन्धित सूचनाओं और सेवाओं में सुधार करना, वृद्धों की देखभाल और कल्याण में सुधार करना। उ0प्र0 जनसंख्या नीति–2021 का सम्पूर्ण लक्ष्य जीवन की सभी अवस्थाओं में सभी लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और सतत विकास के प्रति व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण को सक्षम बनाना है।

जनसंख्या नीति 2021 की प्रमुख विशेषताओं की बात करें तो इसमें कई विशेषताएं शामिल हैं जैसे– बुनियादी ढ़ांचा सशक्त बनाना, मानव संसाधन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन, विभिन्न जीवनचक्र चरणों के लिए उच्च प्रभाव वाले तरीकों का प्राथमिकीकरण, पहुंच योग्य और कमजोर आबादी वाले दूरस्थ समूहों की जरूरतों को पूरा करना, निजी क्षेत्र, सिविल सोसायटी और अन्य हित धारकों के साथ सहयोग और साझेदारी को मजबूत करना, सुधार के लिए एकीकृत निगरानी और डेटा का उपयोग और नीतिगत उद्देश्यों की प्राप्ति का मूल्यांकन करने के लिए समय–समय पर सर्वेक्षण किया जाना आदि। उत्तर प्रदेश के जनसांख्यिकीय और स्वास्थ्य परिदृश्य के आंकलन से पता चलता है कि राज्य अपने जनसंख्या स्थिरीकरण लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर है।

प्रदेश की 2021 की जनसंख्या नीति के सुदृढ़ क्रियान्वयन से राज्य के विविध जनसंख्या समूहों की विभिन्न जीवन चरणों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत सहायता मिलेगी।

# 20 महिला लाभार्थियों को उपमुख्यमंत्री ने गैस सिलेंडर का प्रतीक पोस्टर देकर मुफ्त गैस कनेक्शन देकर उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 का किया शुभारम्भ

## योजना समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन लेकर आईः दिनेश शर्मा

रायबरेली। प्रदेश के उपमुख्यमंत्रीध्जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने बचत भवन के सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 20 महिला लाभार्थियों को एलपीजी गैस कनेक्शन व प्रतीक स्वरूप गैस सिलेंडर का पोस्टर वितरण कर जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जवला योजना का दूसरा चरण आरंभ हो रहा है। इस चरण में प्रदेश में 20 लाख महिलाओं को उज्जवला 2.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर उन्हे धुएं से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित किया जाएगा। रायबरेली में इस योजना के दूसरे चरण में 40 हजार कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस योजना का शुभारंभ कर रहे हैं। उज्जवला 2.0 योजना में उन प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष प्राविधान किया गया है जो पहले पते के प्रमाण के अभाव में इसका लाभ लेने से वंचित रह गए थे।

उपमुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा ने कहा कि उज्जवला योजना 1.0 के अंतर्गत प्रदेश में 1 करोड़ 47 लाख एलपीजी कनेक्शन दिए गए थे। इस योजना के प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश सम्पूर्ण देश में सर्वाधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देने वाला राज्य रहा था। उज्जवला




योजना के पहले चरण में रायबरेली में 219416 गैस सिलेंडर कनेक्शन दिए गए थे। घर–घर शौचालय बनवाकर सरकार ने जहां महिलाओं की गरिमा की रक्षा की वहीं उज्जवला योजना से उन्हे स्वस्थ व सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार दिया है। यह योजना समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन लेकर आई है। सरकार इसे महाअभियान के रूप में चलाएगी जिससे जल्दी से जल्दी ही सभी पात्र महिलाओं को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी तथा अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र जनों तक अवश्य पहुचें। देश व प्रदेश की सरकार सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चल कर देश व समाज को प्रगति की ओर ले जा रही है। एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह, उमेश द्विवेदी, विधायक बछरावा राम नरेश रावत, जिलाध्यक्ष रामदेव पाल ने भी उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ ईंधन बेहतर जीवन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लक्ष्य है। गरीबों को मुफ्त गैस कनेक्शन व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देकर सरकार गरीबों के चेहरों पर निरन्तर खुशी ला रही है। इस मौके पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उप निदेशक सूचना प्रमोद कुमार, डीडीओं एस0एन0 चौरसिया, जिला पूर्ति अधिकारी विमल कुमार शुक्ल आदि अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेश सरोज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के वर्चुअल सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से उपस्थित महिला लाभार्थियों सहित जनप्रतिनिधियों से देखा।

# पारिवारिक कलह से छुब्द अधेड़ ने लगायी फांसी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र ।चोपन थाना क्षेत्र के चोपन बैरियर पर बिते मंगलवार को देर रात घर में अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। समाचार के अनुसार उमेश पुत्र नारायण उम्र 45 वर्ष निवासी चोपन बैरियर प्रीत नगर में मोटर मैकेनिक का काम करता था कल देर शाम वह अपने घर आया और किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया उसके उपरांत जब घर के सदस्य सो गए रात लगभग 10:00 बजे के आसपास मृतक अपने घर के बीच में लगे पाइप के सहारे फंदा बनाकर झुल गया पत्नी जब रात में खोजने लगी तो घर में ही फंदे के सहारे पति को लटकता दे जोर–जोर से रोने लगी उसकी आवाज को सुनकर आसपास के लोग उसके घर गए तो देखा कि मृतक उमेश फंदे से लटका हुआ है घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दे दी गई घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवा कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया वहीं।

# मानस प्रचारिणी सेवा समिति द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। मानस प्रचारिणी सेवा समिति मदैनिया द्वारा



समिति के उपाध्यक्ष उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी के निज आवास पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया मानस के फुलवारी प्रसंग की चौपाइयों को गायन द्वारा प्रस्तुत किया गया हारमोनियम पें संगत ब्रजेश नाथ तिवारी तथा ढोलक पे संगत कुलदीप तिवारी नें किया रामदेखे सिया व सिया राम को गजल पे श्रोता झूम उठे मौके पर समिति के सभी पदाधिकारी व श्रोता जन उपस्थित रहे!

# रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की अज्ञात लाश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा। थाना अन्तर्गत करमा प्राइमरी स्कूल के समीप लगभग



22 वर्षीय युवक की लाश पड़ी मिली जो दो भागों में थी शर अलगधड़ अलग खेत पर काम करने जा रहे विमलेश्वर पुत्र बसंती निवासी भरकवाह व महेश पुत्र भीख्खू निवासी कर्मा ने लगभग 10 बजे जब देखा तो रास्ते से जा रही 112 नंबर को रोक कर सूचना दिए फिर उनके द्वारा करमा थाना को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे एसआई रविंद्र प्रसाद एसआई शेषनाथ यादव पहुंचे युवक का हुलिया कुछ इस प्रकार रहा लाल शर्ट काला पेंट सावला शरीर हल्की दाढ़ी मूछें अंडरवियर सफेद सैंडो गंजी सफेद पहने हुए हैं पुलिस द्वारा यह बताया गया कि अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है एक चिलम कपड़े की गठरी भी मिली है जिससे लोगों द्वारा अनुमान लगाया गया कि फेरीवाला होगा जो ट्रेन के चपेट में आगया पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है!

# नैनी में नाली की शिकायत पर मंत्री नन्दी ने जेई को दी हिदायत

लखनऊ। विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के बाद मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन, अल्पसंख्यक कल्याण, राजनैतिक पेंशन, मुस्लिम वक्फ व हज मंत्री व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के नैनी एरिया में भ्रमण किया। मंत्री नन्दी ने लोगों से मुलाकात की और सभी का कुशलक्षेम जाना। नैनी के आनन्द नगर व अन्य इलाकों में लोगों ने नाली न होने और जलभराव की शिकायत की तो मंत्री नन्दी ने नगर निगम के जेई और कर्मचारियों को तत्काल व्यवस्था दुरूस्त करने की हिदायत दी।श्री नंदी ने स्वर्गीय रामजी विश्वकर्मा व मक्खन लाल पटेल की पिछले दिनों हुई निधन की सूचना पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। रवि मिश्रा के आवास पर मंत्री नन्दी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।मंत्री नन्दी ने नैनी एरिया में भ्रमण करते हुए सेक्टर संयोजक श्याम कुमार मिश्रा नैनी बाजार, अरविंद राय, सुनील कुमार वर्मा, दिनेश सिंह, विनय सिंह, रजत कुमार दुबे, आलोक जायसवाल, अजय कुमार चौबे, मंगला प्रसाद गौड़, शशांक शेखर पांडेय, मक्खन लाल पटेल, रामजी विश्वकर्मा काजीपुर, रवि मिश्रा, सत्यम मिश्रा, ऋषभ मिश्रा, अजय कुमार के घर जाकर परिजनों व अन्य लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और तत्काल सम्बंधित अधिकारियों से मोबाइल से वार्ता कर निराकरण के निर्देश दिए।इस अवसर पर दिलीप केसरवानी, रवि मिश्रा, सुनील जायसवाल, राम जी मिश्रा, रजनीकांत सोनकर, अनूप पासी, योगेंद्र मिश्रा, प्रिंस अकबर, तौसीफ अहमद, शिवम सक्सेना, विशाल श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, अनूप दास, राजकुमार अग्रवाल, रामचंद्र गौतम के साथ ही नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हृदय रोगी एक्सरसाइज करते समय इन बातों का रखें ध्यान, वरना बढ़ सकती है परेशानी



हृदय रोगियों के रोजाना तरह–तरह की एक्सरसाइज करने से गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। हालांकि यह तभी मुमकिन है जब हृदय रोगी सही ढंग से और कुछ सावधानियों को ध्यान में रखते हुए एक्सरसाइज करें। जी हां, हृदय रोगियों के लिए एक्सरसाइज के दौरान की गई एक छोटी सी गलती भी परेशानी का कारण बन सकती है। आइए जानते हैं कि हृदय रोगियों को एक्सरसाइज करते समय किन–किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज न करें: अगर आप हार्ट स्ट्रोक या फिर हार्ट अटैक से ग्रस्त हैं तो भूल से भी अपने वर्कआउट रूटीन में पुशअप्स और सिटअप्स जैसी आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज को शामिल न करें। दरअसल, आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज से मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है जिसकी वजह से आपको हृदय रोग के साथ–साथ कई तरह की अन्य समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। इसलिए गंभीर स्थितियों वाले लोगों को आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज का अभ्यास करने से बचना चाहिए।

सामान्य तापमान में ही करें एक्सरसाइज

हृदय रोगियों को ऐसी जगह पर एक्सरसाइज करनी चाहिए जहां का तापमान न ज्यादा हो और न ही कम। दरअसल, अगर हृदय रोगी बहुत अधिक गर्मी या फिर अधिक ठंड में एक्सरसाइज करते हैं तो इसके कारण उन्हें सांस लेने में दिक्कत और सीने में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आप हृदय से जुड़ी किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो सामान्य तापमान वाली जगह पर ही एक्सरसाइज करें।

ज्यादा वजन उठाने वाली एक्सरसाइज करने से बचें

हृदय रोगियों को ज्यादा वजन उठाने वाली एक्सरसाइज भी नहीं करनी चाहिए क्योंकि इस एक्सरसाइज से भी मांसपेशियों पर जोर पड़ता है जिसकी वजह से उनकी समस्या बढ़ सकती है। इसलिए डॉक्टर भी हृदय रोगियों को ज्यादा वजन वाली एक्सरसाइज न करने की सलाह देते हैं। वहीं अगर किसी भी तरह की एक्सरसाइज के दौरान आपको अपने हार्टबीट में बदलाव महसूस होता है तो तुरंत एक्सरसाइज छोड़ दें और 15 मिनट आराम करके हृदय की धड़कन को जरूर चेक करें।

हृदय से जुड़ी कोई भी सर्जरी होने पर न करें एक्सरसाइज

अगर आपकी हाल ही में हृदय रोग से जुड़ी कोई सर्जरी हुई है तो कुछ समय तक किसी भी तरह की एक्सरसाइज और योगासन का अभ्यास करने से बचें। बेहतर होगा कि सर्जरी के बाद आप कम से कम छह हफ्तों तक बिल्कुल भी एक्सरसाइज या योगाभ्यास न करें और इसकी बजाय रोजाना सुबह या शाम कुछ मिनट टहलें। हालांकि इस बात का ध्यान रहे कि ज्यादा टहलना भी ऐसी स्थिति में खतरनाक हो सकता है।


# आलिया भट्ट ने शेयर की योग करते हुए तस्वीर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस तस्वीर में आलिया योग करती



नजर आ रही हैं। वायरल हो रही तस्वीर में आलिया अर्ध मत्स्येन्द्रासन मुद्रा करती नजर आ रही हैं। जहां तक आलिया की इस तस्वीर की बात करें इसमें वह अपने लिविंग रूम में बैठकर योग करती नजर आ रही हैं। आलिया ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,त्रट्विस्ट एंड ग्लो।त्र आलिया भट्ट इन दिनों मुंबई में अपने होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म श्डार्लिंग्सत्र की शूटिंग में व्यस्त हैं। जबकि उनके बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर दिल्ली में लव रंजन की अगली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर के साथ श्रद्धा कपूर भी नजर आएंगी। कुछ दिन पहले आलिया भट्ट ने रणबीर को याद करते हुए उनकी स्टाइलिश ब्लैक टोपी पहनकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की थीं। आलिया ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,त्रजब आप उसे याद करते हैं तो आप उसका सामान चुरा लेते हैं। रणबीर और आलिया जल्द ही फिल्म श्ब्रह्मस्त्रत्र में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। फिल्म में आलिया, रणबीर के अलावा अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाडिया, मौनी रॉय और नागार्जुन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में आलिया भट्ट ने संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म श्गंगूबाई काठियावाड़ीत्र की शूटिंग पूरी की है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद आलिया ने इमोशनल कर देने वाला एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया था। आलिया ने लिखा,त्रहमने 8 दिसंबर 2019 को गंगूबाई की शूटिंग शुरू की थी और 2 साल बाद फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह फिल्म और सेट दो लॉकडाउन से गुजरा है। संजय लीला भंसाली सर के निर्देशन में बनी फिल्म में काम करना मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं था। आई लव यू सर! बहुत– बहुत धन्यवाद ज् सच में आप जैसा कोई नहीं है। जब कोई फिल्म खत्म होती है तो उसका एक हिस्सा खत्म हो जाता है! आज मैंने अपना एक हिस्सा खो दिया है.. गंगू आई लव यू।त्र

# सुनील शेट्टी के बेटे अहान की डेब्यू फिल्म का करना होगा इंतजार



सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी बॉलीवुड में कदम रख चुकी हैं. अब एक्टर के बेटे अहान शेट्टी भी बॉलीवुड डेब्यू के लिए भी बिल्कुल तैयार हैं. अहान शेट्टी की डेब्यू फिल्म का पोस्टर कुछ वक्त पहले ही रिलीज हो चुका है. अब फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव हुआ है. फिल्म की नई रिलीज डेट अब फैंस के सामने आज मेकर्स ने पेश कर दी है.

हाल ही में मेकर्स ने साफ किया है अहान के फिल्म के रिलीज में अभी थोड़ा और वक्त लगने वाला है. अहान की डेब्यू फिल्म तड़प की रिलीज डेट लगभग दो महीने आगे खिसका दी गयी है. अब अहान की डेब्यू फिल्म तड़प दिसंबर के पहले हफ्ते में रिलीज होने वाली है.

तड़प फिल्म के निर्देशक मिलन लूथरिया ने खुद फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाए जाने की जानकारी दी है. निर्देशक ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा है कि इंतजार कर रहा हूं एक अद्भुत प्रेम कहानी साजिद नाडियाडवाला की तड़प बड़े पर्दे पर 3 दिसम्बर 2021 को. फिघ्ल्म में तारा सुतारिया फीमेल लीड रोल में हैं.

अहान के फर्स्ट लुक ने दर्शकों के बीच उत्साह की एक विशाल लहर पैदा कर दी है और एक नया चेहरा देखने की प्रत्याशा बहुत अधिक है. यह फिल्म 24 सितंबर, 2021 को सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है.

मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनने वाली श्तड़प्त्र, जिसमें अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा और सुमित गुलाटी जैसे कलाकार शामिल हैं. फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं और फॉक्स स्टार स्टूडियोज द्वारा सह–निर्मित, रजत अरोड़ा द्वारा लिखित और फिल्म में आत्मीय संगीत प्रीतम द्वारा दिया गया है. तड़प का ऐलान खुद अक्षय कुमार तक ने किया था. सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए अक्षय ने लिखा था कि अहान, तुम्हारे लिए बड़ा दिन, मुझे आज भी तुम्हारे पिता सुनील शेट्टी की पहली फिल्म बलवान का पोस्टर याद है और आज मैं तुम्हारी पहली फिघ्ल्म का पोस्टर पेश कर रहा हूं. मैं खुश हूं और गर्व महसूस कर रहा हूं तब अक्षय ने फिल्म की रिलीज डेट 24 सितंबर बताई थी. वैसे बता दें कि तड़प रोमांटिक एक्शन फिघ्ल्म है, जो 2018 की तेलुगु फिघ्ल्म आरएक्स 100 का रीमेक है.

# विक्की निहलानी की दिवानी थी करीना कपूर, 13 साल की उम्र में हो गया था प्यार



अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अखघ्बारों से लेकर सोशल मीडिया तक सुखिर्घ्यों में बनी हुई है. कभी करीना किसी फिल्म में काम करने के लिए मोटी फीस के कारण सुखिर्घ्यों में थी तो अब वह अपनी किताब के कारण चर्चा का विषय बनी है. हर कोई उन्हें ट्रोल कर रहा है. उन्होंने दोनों बेटों को जन्म देने के बाद प्रेग्नेंसी और इसके बाद होने वाली समस्याओं पर एक बुक लिखी है. इस बुक के कारण ही उन्हें ट्रोल किया जा रहा है. इसी बीच करीना कपूर खान का एक पुराना इंटरव्यू भी तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में उन्होंने पहले प्यार के बारे में बात की थी.

करीना कपूर खान ने इस इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था कि, उनका पहला प्यार न तो शाहिद कपूर थे और न ही सैफ अली खान. उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ 13 साल की उम्र में ही एक अभिनेता से प्यार हो गया था और वो ही उनका पहला सच्चा वाला इश्क था. एक्ट्रेस करीना कपूर ने बताया कि, अभिनेता विक्की निहलानी उनका पहला प्यार थे. मैं और विक्की सोलमेट थे. विक्की हमेशा मेरे साथ खड़े रहे थे. जब मैं सिर्फ 13 वर्ष की थी उसी समय मुझे उनसे प्यार हो गया था. वहीं मेरा पहला प्यार है. आपको बता दें कि करीना कपूर खान ने रिफ्यूजी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. यह फिल्म फ्लॉप रही लेकिन करीना कपूर का काम पसंद किया गया. उनकी यह फिल्म 1999 में रिलीज हुई थी. जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिषेक बच्चन और करीना कपूर खान अहम् किरदार में थे. उन्हें धीरे–धीरे फिल्मों के ऑफर मिलने लगे और इसी दौरान वे अभिनेता शाहिद कपूर के नजदीक हो गई. करीना कपूर और शाहिद कपूर रिलेशनशिप में आए और इस बात को दोनों ने स्वीकार भी किया था.

करीना कपूर खान से सवाल किया गया कि, उन्होंने अपने फ्यूचर के लिए कोई प्लानिंग की थी तो उन्होंने कहा था कि वे उस समय फ्यूचर के बारे में नहीं सोच रही थी. क्योंकि उस समय शादी और अन्य चीजों के बारे में सोचना जल्दबाजी थी. मगर वे हम साथ है और अपने अपने करियर के बारे में सोच रहे है. उस समय रिपोर्ट्स की माने तो न्यूजपेपर और मैगजीन की सिर्फ यहीं हैडलाइन हुआ करती थी कि कपूर खानदान की बेटी पहलाज निहलानी के बेटे के प्यार में पूरी तरह पागल है. इसके कुछ दिनों बाद ही दोनों अलग हो गए और करीना में मीडिया से कहा कि, अब वह सिर्फ अपनी फिल्मों से प्यार करती है साथ ही कहा कि वह अगले 10 सालों तक सिर्फ फिल्मे ही करेंगी.

दोनों ही स्टार्स फिल्म जब वी मेट की शूटिंग के दौरान एक ही कार से सेट पर पहुंचते थे. इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच दूरिया आने लगी और आखिरकार ब्रेकअप हो गया. इसके बाद करीना की जिंदगी में सैफ अली खान की एंट्री हुई. सैफ अली खान से करीना की मुलाकात टशन फिल्म के दौरान हुई थी. इतना ही नहीं दोनों लिव–इन में भी रहे है और 2012 में दोनों ने शादी कर ली. आज इस कपल के दो बेटे हैं. करीना कपूर खान ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में अभिनय किया है. मुझे कुछ कहना है, ऐतराज, हलचल, चुप चुपके, ओमकारा, जब वी मेट, गोलमाल रिटर्न्स, अजनबी, कभी खुशी कभी गम, 3 इडियट्स, बॉडीगार्ड, बजरंगी भाईजान, उड़ता पंजाब, वीरे दि वेडिंग जैसी फिल्मों में अभिनय किया है. वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा है. इस फिल्म में वह आमिर खान के साथ नजर आने वाली है.



# बीयर पीने के 5 ऐसे फायदे जो आपको हैरान कर देंगे

बीयर जौ और अंगूर को सड़ा कर तैयार की जाती है. आमतौर पर लोग इसे सेहत के लिए नुकसानदायक मानते हैं. लेकिन शोध बताते हैं कि अगर बीयर को सीमित मात्रा में लिया जाए तो इसके काफी फायदे हो सकते हैं. आवश्यकता से अधिक लेने पर ये नुकसान करती है. जानिए इसके 5 फायदे. तनाव दूर करती रू अल्कोहल को सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है. लेकिन बीयर को लेकर तमाम शोध बताते हैं कि यदि सीमित मात्रा में बीयर ली जाए तो ये कई तरह से सेहत को लाभ पहुंचा सकती है. तनाव, घबराहट और थकान आजकल लोगों में काफी कॉमन हो गई है. कुछ शोध बताते हैं कि बीयर के सेवन से तनाव, घबारहट, और थकान की समस्या से छुटकारा मिल जाता है. लेकिन इसे 350 मिली ग्राम से ज्यादा नहीं पीना चाहिए.

किडनी स्टोन में फायदेमंद : तमाम लोगों का मानना है कि यदि किडनी स्टोन हो जाए तो बीयर पीने से स्टोन टूटकर यूरिन के जरिए बाहर आ जाता है. इसलिए कई लोग किडनी स्टोन के समय बीयर पीने की सलाह देते हैं. हालांकि इसके बारे में एक बार विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है.

स्किन के लिए अच्छी : स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए लोग न जाने कितना पैसा खर्च कर देते हैं. लेकिन बीयर पीने मात्र से आपकी स्किन पर काफी असर पड़ जाता है. दरअसल बीयर में हॉप्स और खमीर होता है जो त्वचा को स्वस्थ तो रखने के साथ शरीर पर मौजूद जख्म को भी तेजी से भरता है.

अल्जाइमर में फायदेमंद : अल्जाइमर की समस्या होने से व्यक्ति की याद्दाश्त कमजोर होने लगती है और वो भूलने लगता है. माना जाता है कि सीमित मात्रा में बीयर पीकर इस समस्या को दूर किया जा सकता है. बीयर में मौजूद सिलकॉन और हॉप्स जैसे तत्व अल्जाइमर की रोकथाम करने में मददगार माने जाते हैं.

अल्सर में देती आराम : कुछ शोध बताते हैं कि 75 मिग्रा. बीयर लेने से अल्सर की समस्या में काफी आराम होता है और इससे एच पायलोरी इंफेक्शन का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है. लेकिन बीयर को सिर्फ सीमित मात्रा में ही लें क्योंकि इसके काफी नुकसान भी हैं.

